वर्ष 2014 में हुई थी शुरूआत : इस केन्द्र की शुरुआत आठ फरवरी 2014 को हुई थी। चैम्बर के तत्कालीन अध्यक्ष पी. के. अग्रवाल की ओर से इसके लिए पहल की गई थी। चैम्बर के सदस्यों ने इसका पुरजोर समर्थन किया था। दो दिन बाद यानी दस फरवरी हो ही प्रथम बैच का प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया था। कुल 68 महिलाएँ इसमें शामिल हुई थीं। शुरुआत में सिलाई-कढ़ाई ट्रेड में महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें 12 तरह की सिलाई शामिल है। फिलहाल सिलाई-कढ़ाई का 14वां बैच चल रहा है।

हुनर सीखती जरूरतमंद महिलाएँ।

कंप्यूटर ट्रेड भी हुआ प्रशिक्षण में शामिल : 14 अप्रैल 2015 को इस केंद्र में महिलाओं के लिए कंप्यूटर ट्रेड में भी प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इसके लिए अलग से कंप्यूटर कक्ष स्थापित किया गया। जून 2015 में पहले बैच का प्रशिक्षण शुरू हुआ। फिलहाल 14वां बैच यहाँ प्रशिक्षण ले रहा है। इसके अलावा यहाँ मेंहदी कला ट्रेड में भी यहाँ प्रशिक्षण शुरू हो चुका है।

2000 से अधिक महिलाओं को अबतक मिला है प्रशिक्षण : अब तक सिलाई ट्रेड में 1114, कंप्यूटर में 530, और मेंहदी कला में 500 महिलाएँ प्रशिक्षण ले चुकी हैं। इनमें से अधिकांश महिलाएँ किसी न किसी संस्थान से जुड़ कर जॉब कर रही हैं और आत्मनिर्भर हैं। जबकि शेष अपना खुद का कार्य कर रही हैं। चैम्बर अध्यक्ष पी. के. अग्रवाल ने कहा कि कुछ जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन भी दी गई है जिससे वे अपना काम आगे बढ़ा सकें। अपना भविष्य संवार सकें। **(साभार : दैनिक जागरण, 10.9.2018)**

THE ONLY POINT OF BUSINESS KARUNA, JAYA AGREED UPON

M Karunanidhi and J Jayalalithaa as fierce political rivals could never accept the other's decisions- except when it came to industrialisation, and this rare consensus brought fortune to Tamil Nadu, making it the second richest state.

When the economy was opened up in the 1990s, TN benefited from wave of investment, starting with the entry of Ford India during AIADMK's tenure. Hyundai, Saint Gobain, Nokia, Huawei, Renault, Daimler and other followed over the decades, doing business in a conducive environment no matter which government was in power. "Karunanidhi was always receptive to suggestions and inputs. He was sensitive to the needs of industry," said N Srinivasan, Vice- chairman and MD of The India Cements Srinivasan first met Karunanidhi in 1968 when the latter was public works minister. "When it came to business, he always looked ahead," said Srinvasan.

The DMK government's focus on industry resulted in TN gaining manufacturing capabilities across sectors. In the run-up to the year 2000, When IT companies were busy setting up base in Bengaluru and Hyderabad, it dawned on Karunanidhi that 80% of the workforce in those two cities and that sector were migrants from TN. In less than a year; his government not only drew up a roadmap for the IT sector but also promoted massive IT office space project, Tidel Park.

While bankers considered it merely a real estate project, the state stood guarantee for the lenders. Chennai joined the country's elite IT club and there was no looking back. Chennai's Old Mahabalipuram Road was designated the IT Corridor' and a six-laning plan led to the development of the stretch for office, industrial and residential projects. The DMK government also set aside 1,000 acres at the other end of IT corridor for companies to develop their own IT parks. **(TOI- 8.8.2018)**

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स, बिहार इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन और दलित चैम्बर देंगे सफलता के सूत्र

नए उद्यमियों के 'गुरु' बनेंगे व्यावसायिक संगठन

राज्य के प्रमुख व्यवसायी संगठन हजारों नए उद्यमियों के 'गुरु' बनेंगे। उन्हें व्यापार करने के गुर सिखाएंगे। व्यापार करने में आ रही दिक्कतें दूर करने के उपाय बताएंगे। उद्योग विभाग ने यह व्यवस्था एससी-एसटी उद्यमी योजना के तहत नए उद्यमियों के लिए की है। विभाग ने अगले साल मार्च तक पाँच हजार नए उद्यमी बनाने का लक्ष्य रखा है। एससी-एसटी के लिए राज्य सरकार ने उद्यम लगाने की नई योजना शुरू की है। इसमें 10 लाख दिए जा रहे हैं। जिसमें पाँच लाख अनुदान है और बाकी की धनराशि बिना ब्याज के लौटानी है। इस योजना के तहत दो चरणों में अब तक 274 लोगों को उद्यम लगाने के लिए धनराशि दी जा चुकी है। इससे पहले उन्हें दो सप्ताह का प्रशिक्षण भी दिया गया। बावजूद इसके उन लोगों को व्यापार शुरू करने में कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं। कोई अनुभव न होने के कारण कठिनाई हो रही है। कुछ लोग पैसा मिलने के बाद भी अब तक काम शुरू नहीं कर पाए हैं। सरकार की इस प्राथमिकता वाली योजना की सफलता के लिए उद्योग विभाग ने अब नई व्यवस्था की है। बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, बिहार इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन और दलित चैम्बर ऑफ कॉमर्स को नए उद्यमियों की मेंटरिंग करने का लक्ष्य दिया गया है। तीनों संस्थाओं को पहले चरण में एक-एक हजार उद्यमियों को व्यापारिक सहयोग और उनकी समस्याओं के निदान में सहयोग करने का जिम्मा दिया गया है।

(साभार : हिन्दुस्तान, 15.9.2018)

शत-प्रतिशत एथेनॉल बनाने वाली चीनी मिलों को केन्द्र से मिलेगा प्रोत्साहन

केन्द्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल की बेतहाशा कीमतों पर काबू पाने के लिये अब गत्रा किसानों और चीनी मिलों से अधिक सहायता लेने की रणनीति के तहत एथेनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने का फैसला किया हें। जो मिल चीनी बनाये बगैर गन्ने से शत-प्रतिशत एथेनॉल बनायेगी सरकार उसे प्रोत्साहन देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुयी आर्थिक मामलों के मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में लिये गये इस अहम फैसले के बारे में जानकारी देते हुये हुये पेट्रोलियम मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने बताया कि जो भी गन्ने से चीनी बनाये बिना शत-प्रतिशत एथेनॉल बनायेगा सरकार उसे प्रोत्साहन राशि देगी। उन्होंने कहा कि 17 जून को मंत्रिमंडल में एथेनॉल की कीमतों पर चर्चा की गयी थी, जिसमें एथेनाल की कीमतों को 25 प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया था। प्रधान ने बताया कि एथेनाल का दाम 47.49 रुपये से बढ़ाकर 52.43 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि चीनी का अधिक उत्पादन हो रहा है, सरकार इसे कम करना चाहती है। जो चीनी मिल बिना चीनी बनाये गन्ने के रस से शत-प्रतिशत एथेनाल का उत्पादन करेगी उसे इंसेंटिव दिया जायेगा। **(साभार : आज, 13.9.18)**

जीएसटीआर-1 रिटर्न की अंतिम तिथि 20 दिन बढ़ी, लेट फीस माफ

वित्त मंत्रालय ने जुलाई 2017 से सितम्बर, 2018 की अवधि के लिए अंतिम बिक्री रिटर्न जीएसटी आर-1 दाखिल करने की अंतिम तारीख 11 अक्टूबर से बढ़ा कर 31 अक्टूबर कर दी है। इसके अलावा रिटर्न दाखिल करने में देरी का शुल्क भी माफ करने की घोषणा की है। मंत्रालय ने कहा कि संक्षिप्त जीएसटीआर-3 बी रिटर्न दाखिल करनेवाले करदाताओं की संख्या जीएसटीसार-1 दाखिल करनेवाले टैक्स पेयर्स से अधिक है। मंत्रालय ने कहा कि टैक्सपेयर्स की जीएसटीआर-1 दाखिल करने के लिए प्रोत्साहित करने के मकसद से एकबारगी योजना लागू की गयी है। जीएसटी के तहत डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक के कारोबारवाली यूनिट को अंतिम बिक्री रिटर्न या जीएसटीआर-1 अगले महीने की 11 तारीख तक जमा कराना होता है। इस हिसाब से सितम्बर, 2018 के जीएसटीआर-1 को 11 अक्टूबर, 2018 तक जमा कराना होगा। अब इस तारीख को बढ़ा कर 31 अक्टूबर कर दिया गया है। इसके अलावा डेढ़ करोड़ रुपये तक कारोबार वाली इकाइयाँ तिमाही रिटर्न जमा करा सकती हैं। एक तिमाही का रिटर्न अगले महीने की 31 तारीख तक जमा कराना होता है। **(साभार : प्रभात खबर, 11.9.2018)**

आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने संसद की एस्टिमेट कमीटी को भेजे अपने जवाब में कहा

फंसे कर्ज के लिए अति आशावादी बैंकर्स और निर्णय लेने में सुस्ती है जिम्मेदार

बैंकों के फंसे कर्ज (एनपीए) की समस्या बढ़ने के लिए अति आशावादी बैंकर्स और सरकार के फैसले लेने की प्रक्रिया में सुस्ती जिम्मेदार है। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने संसद की एस्टिमेट कमेटी को भेजे अपने जवाब में यह बात कही है।

मुरली मनोहर जोशी की अध्यक्षता वाली इस समिति से कहा है कि न सिर्फ यूपीए बल्कि इसके बाद बनी एनडीए सरकार के दौरान भी गवर्नेस को लेकर कई प्रकार की समस्याएँ रहीं। इनमें कोयला खदानों के संदिग्ध आवंटन के साथ-साथ जांच के डर ने सरकार के फैसले लेने की रफ्तार धीमी कर दी। इससे जहाँ एक ओर अटकी परियोजनाओं की लागत बढ़ गई। वहीं दूसरी ओर कंपनियां लिए गए कर्ज चुकाने में असमर्थ हो गई। देश में बिजली की कमी के बावजूद बंद पड़े बिजली संयंत्र बताते हैं कि आज भी सरकार के निर्णय लेने की प्रक्रिया में पर्याप्त तेजी नहीं आ पाई है।

राजन ने कहा है कि फंसे कर्ज के ज्यादातर मामले वे हैं जिनमें कर्ज मूल रूप से 2006 से 2008 के बीच में लिया गया था। उस समय आर्थिक विकास की रफ्तार मजबूत थी।

कमजोर रुपए का असर / पेट्रोल 23 पैसे, डीजल 22 पैसे महंगा

दिल्ली में 80.73 रु. का हुआ पेट्रोल : पेट्रोल 23 पैसे और डीजल 22 पैसे महँगे हुए । पेट्रोल की कीमत 80.73 रुपए और डीजल की 72.83 रुपए के उच्चतम स्तर पर पहुँच गई। इस बीच वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी ने इन पर एक्साइज ड्यूटी घटाने से फिर इनकार किया है। उन्होंने कहा कि इससे सरकार का घाटा बढ़ जाएगा।

कच्चे तेल का आयात बिल 87% बढ़ा : जुलाई में कच्चे तेल का आयात बिल 87% बढ़ गया है। जुलाई 2017 में 37, 277 करोड़ रु. का क्रूड आयात हुआ था। जुलाई 2018 में यह 69,912 करोड़ हो गया। हाल के दिनों में कच्चे तेल के दाम लगातार 75 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चल रहे हैं।

क्या कर सकता है रिज़र्व बैंक : • एनआरआई डिपॉजिट स्कीम लाई जा सकती है। एनआरआई की जमा से डॉलर का प्रवाह बढ़ेगा • रुपए को बचाने के लिए मई में आरबीआई ने 5.8 अरब डॉलर और जून में 6.18 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा बेची थी।

रुपए की कमजोरी शेयर बाजार पर हावी रही : रुपए में कमजोरी के चलते शेयर बाजार भी तीन हफ्ते के निचले स्तर पर पहुँच गए। बीएसई का सेंसेक्स 467.65 अंक यानी 1.22% गिरकर 37, 922.17 पर आ गया। यह 6 महीने की सबसे बड़ी गिरावट है। इससे पहले सेंसेक्स 16 मार्च को 509.54 अंक नीचे आया था। निफ्टी-50 भी 151 अंक गिरकर 11,438.10 पर आ गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में सन फार्मा में सबसे ज्यादा 3.72% और महिंद्रा में 3.64% की गिरावट आई। एक्सिस बैंक में सबसे ज्यादा 0.99% की बढ़त रही। सेक्टर के लिहाज से देखें तो ऑटो इंडेक्स में सबसे ज्यादा 1.74% गिरावट आई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों के मार्केट कैप में 1.96 लाख करोड़ की गिरावट आई है।

(साभार : दैनिक भास्कर, 11.9.2018)

केन्द्र सरकार ने प्रस्ताव तैयार कर बिहार से सुझाव मांगा, शून्य से 200 यूनिट का पहला स्लैब होगा

बिजली उपभोक्ताओं की होंगी सिर्फ 5 श्रेणियाँ

बिजली उपभोक्ताओं की अब पाँच श्रेणी होगी। शून्य से 200 यूनिट का पहला स्लैब होगा। गाँव शहर या व्यवसाय के बजाए लोड के अनुसार उपभोक्ताओं का वर्गीकरण किया जाएगा। केन्द्र सरकार ने प्रस्ताव तैयार कर बिहार सरकार से सुझाव मांगा है।

दरअसल देश के सभी राज्यों में बिजली उपभोक्ताओं का अलग-अलग वर्गीकरण है। कहीं शून्य से 100 तो कहीं शून्य से 50 यूनिट का पहला स्लैब है। गाँव व शहर के आधार पर उपभोक्ता अलग-अलग हैं। सभी राज्यों में स्लैब व लोड एकसमान करने के लिए केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने प्रस्ताव बनाया है। इसके लिए 20 सितम्बर तक राज्यों से सुझाव मांगे गये हैं। बिहार में अभी ग्रामीण व शहरी इलाकों में घरेलू व व्यावसायिक, छोटे-बड़े उद्योग, सिंचाई, सार्वजनिक स्थलों सहित 40 श्रेणी हैं।

बिहार में मौजूदा बिजली दर

यूनिट	शहरी क्षेत्र दर	यूनिट	ग्रामीण क्षेत्र दर
1-100	4.32	0-50	2.65
101-200	5.12	51-100	2.90
201-300	5.97	100 से ऊपर	3.15
300 से अधिक	6.77	(नोट: रुपये प्रति यूनिट)	

केन्द्र द्वारा उपभोक्ताओं के लिए पाँच श्रेणी घरेलू, व्यावसायिक, कृषि, उद्योग व संस्थागत बनाया गया है। विनियामक आयोग को छूट दी गई है कि वह बिजली से चार्ज होकर चलने वाली गाड़ियों के लिए अलग से श्रेणी बना सकता है। यह भी कहा है कि राज्य सरकार चाहे तो उपभोक्ताओं को अनुदान दे सकती है। अगर कोई उपभोक्ता कम खपत वाले स्लैब में कनेक्शन लेकर अधिक बिजली खपत करता है तो उस पर उसी महीने जुर्माना लगाने का भी प्रस्ताव है।

यह हो सकता है लोड : शून्य से 02 किलोवाट, 02 से 05 किलोवाट, 05 से 10 किलोवाट, 10 से 25 किलोवाट और पाँचवाँ 25 किलोवाट से अधिक।

यह हो सकता है स्लैब : 0 से 200 यूनिट, 201से 400 यूनिट, 401 से 800 यूनिट, 801 से 1200 यूनिट और पाँचवाँ 1200 यूनिट से अधिक।

स्लैब पर बिहार जता सकता है आपत्ति : गांवों में अभी एक किलोवाट और 0 से 50 यूनिट तक का स्लैब है। शहरी क्षेत्र में न्यूनतम दो किलोवाट और 0 से 100 यूनिट का पहला स्लैब है। केन्द्र ने पहला स्लैब 0 से 200 यूनिट और न्यूनतम 2 किलोवाट का बनाया है। इसे लागू किया गया तो टैरिफ बदलने के कारण अभी की तुलना में अधिक बिजली बिल आएगा। अभी बिहार में ग्रामीण क्षेत्र में 0 से 50 यूनिट तो शहरी क्षेत्र में 100 यूनिट तक का पहला स्लैब है। ग्रामीण में 50 यूनिट तक 2.65 और शहरी में 100 यूनिट तक 4.32 रुपये प्रति यूनिट देने पड़ते हैं। अगर 200 यूनिट का स्लैब हुआ तो ग्रामीण क्षेत्रों में 3.15 और शहर में 5.12 रुपये प्रति यूनिट न्यूनतम दर होगी। राज्य सरकार पहले स्लैब को 100 यूनिट तक करने सहित अन्य जरुरी सुझाव दे सकती है।

(साभार : हिन्दुस्तान, 16.9.2018)

तेनुघाट परियोजना से बिहार ने मांगी आधी बिजली

99.99 फीसदी शेयर परियोजना के बिहार के राज्यपाल के नाम है

झारखण्ड की तेनुघाट बिजली परियोजना का विवाद अब खत्म हो सकता है। पूर्ण स्वामित्व को लेकर 18 वर्षो से जारी विवाद के निबटारे को बिहार सरकार ने तेनुघाट पर पूरा मालिकाना हक के बजाए यहाँ की आधी बिजली मांगी है। 14 सितम्बर को बिहार सरकार इस पर दावेदारी पेश करेगी। बिहार के राज्यपाल के नाम पर 99.99 फीसदी शेयर वाली इस बिजली घर की नींव 1989 में बोकारो के ललपनिया में रखी गई थी। 1996-97 से यहाँ 400 मेगावाट बिजली उत्पादित होने लगी।

2000 में बिहार विभाजन के बाद 210 मेगावाट की दो इकाई वाली इस परियोजना पर झारखंड सरकार ने दावा ठोक दिया। दावेदारी का मूल कारण इसका बोकरो में होना बताया। 27 फरवरी 2001 को झारखंड ने इसका अधिग्रहण कर लिया। इसके बाद मामला पटना हाईकोर्ट पहुँचा। हाईकोर्ट ने बिहार सरकार के पक्ष में फैसला दिया। तब झारखंड सरकार ने सुप्रीमकोर्ट में अपील कर दी।

बीते कई वर्षो से सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई में बिहार सरकार मुकदमा लड़ने में 15 करोड़ खर्च कर चुकी है। लंबी सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्रीय ऊर्जा सचिव को कहा कि वह बिहार-झारखंड सरकार के साथ मिल-बैठकर इस मसले का समाधान करें। इसके बाद बिहार ने समाधान का रास्ता तैयार किया है।

राज्य सरकार का तर्क है कि कंपनी एक्ट के तहत बनी इस परियोजना में बिहार को कम से कम आधी बिजली मिले। **(साभार : हिन्दुस्तान, 13.9.2018)**

चकाचक होगा फतुहा यार्ड कीचड़ से मिली निजात

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के व्यापारियों की मांग पर फतुहा रेलवे यार्ड को चकाचक करने पर जोर दिया जा रहा है। यार्ड वर्षों से कीचड़ से पटा रहता था। अब पक्की सड़क का निर्माण कर व्यापारियों को कीचड़ से होने वाली परेशानियों से निजात दिला दी गई है। फतुहा यार्ड में करोड़ों की लागत से सीमेंट के स्लीपर से बनी सड़क का उद्घाटन के मौके पर साक्षी बने दानापुर के मंडल रेल प्रबंधक रंजन प्रकाश ठाकुर फतुहा पहुँचे। इनके साथ वरिष्ठ मंडल परिचालन अधिकारी पंकज कुमार भी पहुँचे थे। डीआरएम के निर्देश पर नव निर्मित सड़क का उद्घाटन फतुहा के स्टेशन प्रबंधक मिथिलेश शरण ने फीता काटकर किया।

इस मौके पर मंडल रेल प्रबंधक श्री ठाकुर ने बताया कि जलजमाव से फतुहा रेलवे यार्ड की स्थिति दयनीय हो चुकी थी। व्यापारियों की परेशानियों को देखते हुए यार्ड में डीडी टू एवं डीडी थ्री लाइन की सड़कों को मजबूती से सीमेंट के स्लीपर के द्वारा बनाया गया है। भविष्य में अन्य लाइनों की सड़कों को भी इसी तरह से बनाया जाएगा। इसके साथ ही यार्ड में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। हाइमास्ट लगाए गए हैं। शीघ्र ही पूरे यार्ड में एलइडी बल्ब व ट्यूब लगाकर इसे चकाचक किया जाएगा।

(साभार : दैनिक जागरण, 1.9.2018)

प्लास्टिक कैरी बैग का 24 से बंद हो जाएगा निर्माण

प्रदूषण नियंत्रण वोर्ड के आदेश के बाद 150 फैक्ट्रियों में लटक जाएंगे ताले, गोदाम में तैयार माल सौंपना होगा नगर निगम को

प्लास्टिक कैरी बैग का कारोबार आठ दिनों में बंद हो जाएगा। इसके बाद इस इंडस्ट्री के पास उपलब्ध कच्चा माल और प्रोडक्शन का सारा माल कबाड़ हो जाएगा। 24 सितम्बर से उत्पादन करने वाले करीब 150 छोटे-बड़े कारखानों में ताले लग जाएंगे। थोक और खुदरा बिक्री करने वालों को सप्ताह भर की मोहलत है कि वे अपना माल कबाड़ के भाव में रीसाइकिल करने वाली प्लास्टिक फैक्ट्री को बेच सकते हैं। चाहें तो नगर निगम को सौंप दें, ताकि निगम उसका उचित प्रबंधन कर सके।

पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने प्लास्टिक कैरी बैग को पूरी तरह प्रतिबंधित करने की मंशा जाहिर कर दी है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार घोष ने पटना सिटी के प्लास्टिक उद्योग से जुड़े लोगों को 24 सितम्बर के बाद उत्पादन, बिक्री और उपयोग करने से मनाही कर दी है। प्लास्टिक उद्योग के संचालक और पटना सिटी व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के अनुसार बिना समय दिए बंदी का फरमान हजारों लोगों को बेरोजगार बनाएगा। उप-मुख्यमंत्री से मिलकर उद्योग को बचाने और एक साल में काम समेटने का मौका मांगेंगे। अचानक बंदी से कारोबारियों और उद्योग की पूंजी फंस जाएगी। जो माल बना हुआ है, उसे कहीं दूसरी जगह बेचने के लिए वक्त देना चाहिए।

(साभार : दैनिक जागरण, 16.9.2018)

तुरंत करनी होगी पॉलिथीन स्टॉक की घोषणा

सरकारी नोटिस पर नजर, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अलर्ट : हानिकारक पॉलिथीन के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सख्त रवैए के बीच सरकार और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एक्टिव मोड में है। उम्मीद है कि सरकार द्वारा इस पर रोक लगाने के लिए इसी माह के अंत तक नोटिफिकेशन जारी हो जाएगा और इसके तुरंत बाद बिहार में भी पॉलिथीन को पूरी तरह से बंद कर किया जा सकता है। उल्लंघन करने वालों पर पेनाल्टी अर्बन डिपार्टमेंट निर्धारित करेगी। जिसके बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इसके कारोबार में जुटे लोगों से सख्ती के साथ पेश आएगा। इस संबंध में पटना प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार घोष ने व्यापारियों को आगाह किया है कि सरकार से नोटिफिकेशन होने के स्थिति में उन्हें तुरंत अपने स्टॉक की घोषणा करनी होगी। साथ ही शहरी क्षेत्र में पॉलिथीन के प्रयोग पर रोक की दिशा में पूरा सहयोग करना होगा। अन्यथा अर्बन डिपार्टमेंट से निर्धारित जुर्माना और दूसरी कार्रवाईयाँ की जाएँगी।

व्यापारियों को किया आगाह : पटना सिटी, दानापुर, हाजीपुर और मुजफ्फरपुर के करीब 100 से अधिक व्यापारियों को बुलाकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस संबंध में चेतावनी दी। उन्होंने कहा हैं कि सरकार से नोटिफिकेशन होने के तुरंत बाद प्रदेश में पॉलिथीन का इस्तेमाल पूरी परह से बैन हो जाएगा। इसी क्रम में राजधानी पटना में पॉलिथीन के प्रयोग पर रोक लगा दिया जाएगा। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष ने व्यापारियों से कहा कि 50 माइक्रोन से कम परत वाले कैरी बैग का उत्पादन, विनिर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, विक्रय और उपयोग पर पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 16 मार्च 2016 से ही रोक है।

रोज 70 टन पॉलिथीन का उपयोग : पटना में प्रतिदिन करीब 70 टन से अधिक पॉलिथीन का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें 20 टन प्रतिदिन किसी न किसी पैकिंग में बाहर से राजधानी में पहुँचता है। इस पॉलिथीन में अधिकांश पर्यावरण और जीव-जंतुओं के लिए जहर का काम रहे 50 माइक्रोन से कम वाले पॉलिथीन का हिस्सा होता है। अभीतक राजधानी में पॉलिथीन के रोक पर नगर निगम और जिला प्रशासन पूरी तरह से फैल्योर है। जिसकी वजह से राजधानी में पर्यावरण तेज़ी के साथ असंतुलित हो रहा है।

दूसरे राज्यों की तर्ज पर प्रतिबंध : दूसरे प्रदेशों के सरकारों की कोशिश है कि पॉलीथिन को पूरी तरह से बैन किया जाए। कारण कि 50 माईक्रोन से क्रम पॉलीथिन की वजह से अलग-अलग बीमारियाँ के साथ ही पर्यावरण को तेजी से नुकसान पहुँच रहा है। साथ ही नाला-नालियां और समुद्र के तलहटी में पहुँचकर ये पॉलीथिन जहर का काम कर रही है। इसी तर्ज पर पटना में भी पहली कोशिश यह होगी कि पॉलीथिन को पूरी तरह से बैन कर दिया जाए। साथ ही पहले से उपलब्ध पॉलीथिन को किसी न किसी तरह से डिस्पोजल किया जाए।

अभी व्यापारियों के पास है ये विकल्प : उद्यमियों के लिए विकल्प यह होगा कि या तो पॉलिथीन का स्टॉक बताते हुए रिसाइक्लिंग वाले उपक्रम को सौंपें, या फिर ऐसे राज्यों में जाकर बेच दें जहाँ पॉलिथीन पर रोक नहीं है। साथ ही पहले से उपलब्ध पॉलिथीन को व्यापारी चिन्हित कर सरकार को जानकारी देंगे जहाँ डिस्पोजल की कार्रवाई होगी।

"हमने व्यापारियों को आगाह किया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में सरकार से नोटिफिकेशन होते ही पॉलिथीन के इस्तेमाल पर रोक होगा। उम्मीद है कि यह नोटिफिकेशन 24 सितम्बर तक हो जाए। इसके बाद पॉलिथीन के इस्तेमाल पर जुर्माने का भी प्रावधान होगा।"

अशोक कुमार घोष, अध्यक्ष, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पटना

(साभार : दैनिक जागरण, 17.9.2018)

ग्रामीण बसावटों को जोड़ने में बिहार को पहला स्थान

बिहार ने एक बार फिर से अपने विकास कार्यों से राष्ट्रीय स्तर पर लोहा मनवा दिया है। देश के अन्य राज्यों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों की सुदूर वसावटों को जोड़ने में बिहार सबसे तेजी गति से संपर्कता दिया है। बिहार में ग्रामीण सड़कों के माध्यम से बसावटों को जोड़ने के निर्धारित लक्ष्य को समय सीमा में हासिल किया गया है। अब इन बसावटों में रहने वाले लोगों को बारहमासी सड़कों से जोड़ दिया गया है।

ग्रामीण सड़कों के निर्माण में बिहार ने वित्तीय वर्ष 2017-18 में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के निर्माण में बिहार को राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान मिला है। बिहार को यह दोनों पुरस्कार मिला। ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता प्रमुख सुभाष चरण ने बताया की वित्तीय वर्ष 2017-18 में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में 343418 बसावटों को जोड़ा गया। इसमें बिहार ने पूरे देश में पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि 5257 किलोमीटर पीएमजीएसवाई में सड़क बनाकर बिहार में पूरे देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने इसके लिए विभाग के सभी अभियंताओं और को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि विभागीय मंत्री शैलेश कुमार और सचिव विनय कुमार के मार्ग निर्देशन में यह सफलता अर्जित की है। मालूम हो कि ग्रामीण कार्य विभाग के पास 129000 किलोमीटर सड़क है और अभी तक करीब 7500 किलोमीटर सड़कों का निर्माण हो चुका है, इतनी ही बसावटों को सड़क से जोड़ भी दिया गया है। **(साभार : प्रभात खबर, 13.9.2018)**

क्या है आरबीआइ की स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी?

जागरण पाठशाला : बाजार में अतिरिक्त नकदी प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए रिजर्व बैंक के पास 'स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी' के नाम से एक और विकल्प आ गया है। इसके तहत केन्द्रीय बैंक अन्य बैंकों के पास रखी अतिरिक्त नकदी को अपने पास रख सकता है। यह व्यवस्था क्या है और रिवर्स रेपो से यह किस तरह अलग हैं। जागरण पाठशाला के इस अंक में हम यही समझने का प्रयास करेंगे।

भारतीय रिजर्व बैंक की नीतिगत दरों-'रेपो' व 'रिवर्स रेपो' के बारे में आपने पढ़ा होगा। ब्याज दरों का रुख तय करने और अर्थव्यवस्था में लिक्विडिटी (नकदी) बढ़ाने व घटाने के लिए इनका इस्तेमाल किया जाता है। नकदी प्रबंधन के लिए आरबीआइ के तरकश में अब एक और तीर जुड़ने जा रहा है। यह है 'स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी'।

स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी (एसडीएफ) ऐसा तंत्र है जिसका इस्तेमाल कोई भी केन्द्रीय बैंक व्यवसायिक बैंकों के पास उपलब्ध अतिरिक्त नकदी को सोखने के लिए करता है। यह बिल्कुल 'रिवर्स रेपो' की तरह काम करता है, लेकिन कई मामलों में उससे भिन्न होता है। आपको मालूम है कि अर्थव्यवस्था में नकदी घटने या बढ़ने का सीधा असर महँगाई और विकास पर पड़ता है, इसलिए केन्द्रीय बैंक की यह कोशिश होती है कि नकदी का प्रवाह उपयुक्त स्तर पर बना रहे। इसके लिए वह मौद्रिक नीति के तहत अलग-अलग तंत्रों का सहारा लेता है।

मसलन, 'रेपो दर' जिस पर वह बैंकों को उधार देता है और 'रिवर्स रेपो दर' जिस पर बैंकों के पास उपलब्ध अतिरिक्त नकदी को लेकर अपने पास जमा करता है। हालांकि 'रेपो दर' के तहत बैंकों को उधार लेते समय आरबीआइ के पास जी-सेक (गवर्नमेंट सिक्योरिटीज) गिरवी रखनी पड़ती है। इसी तरह आरबीआइ को भी 'रिवर्स रेपो दर' पर बैंकों की धनराशि जमा कराने के एवज में जी-सेक कोलैटरल के रूप में रखनी पड़ती है। एसडीएफ में ऐसा नहीं होगा। एसडीएफ के तहत बैंक जब अतिरिक्त नकदी रिजर्व बैंक के पास जमा कराएँगे तो आरबीआइ को बैंकों के पास जी-सेक गिरवी रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस तरह रिजर्व बैंक बिना कुछ गिरवी रखे ही एसडीएफ में बैंकों से धनराशि जमा करा सकेगा और सिस्टम से अतिरिक्त नकदी को सोख सकेगा।

आरबीआइ आने वाले समय में यह सुविधा शुरू करेगा। जो बैंक और वित्तीय संस्थान फिलहाल आरबीआइ की लिक्विडिटी एडजस्टमेंट फैसिलिटी के तहत रिवर्स रेपो का इस्तेमाल कर नकदी जमा करते हैं, वे एसडीएफ के लिए भी पात्र होंगे। सामान्यत: एसडीएफ की अवधि एक दिवसीय यानी ओवरनाइट होती है लेकिन कुछ मामलों में यह नियमित आधार पर फिक्स्ड अवधि के लिए भी जारी की जा सकती है।

भारत में एसडीएफ का विचार सबसे पहले रिजर्व बैंक के एक आंतरिक समूह ने 2003 में दिया था। इसके बाद मौद्रिक नीति फ्रेमवर्क को मजबूत बनाने को 2014 में उर्जित पटेल की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति ने भी सिस्टम से अतिरिक्त नकदी सोखने को एसडीएफ का इस्तेमाल करने की सिफारिश की। इसके बाद वित्त मंत्री अरुण जेटली ने इस साल पहली फरवरी को आम बजट 2018-19 पेश करते हुए बजट भाषण में इस आशय की घोषणा की।

(साभार : दैनिक जागरण, 10.9.2018)

नपेंगे थाना क्षेत्र का हवाला देकर केस दर्ज नहीं करने वाले थानेदार

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधि-व्यवस्था से जुड़ी समीक्षा बैठक में दी सख्त हिदायत

थाना विवाद का हवाला देकर अपराध से जुडे मामले में प्राथमिकी नहीं दर्ज करने वाले थानेदारों की अब खैर नहीं। ऐसे थानेदारों पर सरकारी आदेश की अवहेलना के जुर्म में कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री सचिवालय में डीजीपी, मुख्य सचिव, पुलिस के आला अधिकारी, सभी जोनल आइजी-डीआइजी के साथ विधि-व्यवस्था की समीक्षा को ले छह घंटे से अधिक चली बैठक में यह निर्देश दिए। सभी जिलों के डीएम-एसपी भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में शामिल हुए। लंबित अनुसंधानों की समीक्षा का भी निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक के बाद गृह सचिव आमिर सुबहानी ने बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों की जानकारी एक संवाददाता सम्मेलन में दी।

353 थानेदारों पर हुई है कार्रवाई : बैठक में अपराध से जुड़े मामले में थानों की मॉनीटरिंग की गई। इस क्रम में 100 थाने को अपराध नियंत्रण के मामले में कमजोर पाया गया। इन 100 थाने के 353 पुलिस कर्मियों जिनमें थानेदार भी शामिल हैं पर कार्रवाई की गई है।

हर थाने को दो गाड़ी और बेस फेन दिए जाएँ : मुख्यमंत्री ने कहा कि सूबे के सभी थानों के लिए दो गाड़ी उपलब्ध कराई जाएँ। अगर गाड़ी खरीदने की जरूरत है तो खरीद की जाए। इसके अतिरिक्त थानों में एक बेस फोन भी लगाया जाए।

मुख्यमंत्री कहा कि पुलिस पर हमला करने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समीक्षा बैठक में उन्होंने पुलिस के आला अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। बालू माफिया, भूमाफिया एवं अन्य असामाजिक तत्वों द्वारा पुलिस पर हो रहे हमले पर मुख्यमंत्री ने चिंता व्यक्त की।

सीएम ने दिए ये निर्देश : • वारदात चाहे जहाँ हुई हो मामले की प्राथमिकी किसी भी थाना में दर्ज की जाएगी • जिन मामलों में चार्जशीट दर्ज हो गई। उनमें स्पीडी ट्रायल कराने की हिदायत • रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए पुलिस वालों पर आपराधिक मामला भी दर्ज होगा • हर शनिवार अंचलाधिकारी और थानेदार भूमि विवाद से जुड़े मामले सुलझाएंगे। **(विस्तृत: दैनिक जागरण, 13.9.18)**

अब थानों में तैनात होंगे मैनेजर

संविदा पर होगी थाना प्रबंधकों की निबुंक्ति विज्ञापन अगले सप्ताह

राज्य के थानों में अब कॉरपोरेट ऑफिस की तरह मैनेजर होंगे। इनका काम थानों को हर प्रकार की सहूलियत मुहैया कराना होगा। थाना मैनेजर के पद पर नियुक्ति का विज्ञापन अगले सप्ताह तक जारी हो जाएगा। गया यात्रा से लौटने के बाद प्रदेश के मुख्यसचिव दीपक कुमार ने पुलिस और गृह विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस आशय का निर्णय लिया।

(विस्तृत : दैनिक जागरण, 15.9.2018)

बैंकों की बेरुखी से छले गए बिहारी छात्र, अब जगी आस

बैंकों के असहयोग से निराश बिहारी छात्रों को शिक्षा वित्त निगम ने संजीवनी दी है। राज्य सरकार की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए शुरू की गई 'स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना' ने एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। बैंकों की नाकामी और असहयोगात्मक रवैये के बाद शुरू किए गए शिक्षा वित्त निगम ने 50 दिन में वह काम कर दिखाया जो बैंक 17 महीने में नहीं कर पाए। निगम ने 50 दिन की छोटी सी अवधि में नौ हजार से अधिक विद्यार्थियों को 2.60 अरब रुपये का शिक्षा ऋण स्वीकृत कर दिया।

दो दर्जन बैंकों ने दिखाई थी उदासीनता : राज्य सरकार ने दो अक्टूबर 2016 को सात निश्चय के तहत आर्थिक रूप से कमजोर तबके के विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की शुरुआत की। योजना प्रारंभ होने के पूर्व शिक्षा ऋण स्वीकृति के लिए सरकार ने 23 राष्ट्रीयकृत बैंकों से करार किया। व्यवस्था बनी कि जिला निबंधन केन्द्र के जरिए लोन के लिए मिले आवेदन बैंकों को भेजे जाएंगे और बैंक 15 दिन की मियाद लेकर चार लाख रुपये तक का ऋण स्वीकृत कर देंगे।

बैंकों का रवैया सरकार को पसंद नहीं : शिक्षा ऋण के लिए सरकार की शत प्रतिशत गारंटी के बाद भी बैंकों का रवैया शुरू से सहयोग का नहीं रहा। सचाई यह है कि 17 महीने की अवधि में बैंकों को तकरीबन 35 हजार ऋण आवेदन भेजे गए जिसमें से दो हजार आवेदन पर भी बैंक ने स्वीकृति नहीं दी।

(साभार : दैनिक जागरण, 13.9.2018)

गड़ियाँ हुईं महँगी एक्स शोरुम प्राइस पर लगेगा टैक्स

पटना सहित पूरे बिहार में अब गाड़ियाँ खरीदने पर पहले से ज्यादा टैक्स देना होगा। सीजीएसटी, एसजीएसटी, आइजीएसटी के साथ एक्स शोरूम कीमत पर सरकार रजिस्ट्रेशन टैक्स वसूलेगी। परिवहन विभाग ने बिहार मोटरवाहन करारोपण (संशोधन) अधिनियम, 2018 आठ सितम्बर से प्रभावी कर दिया है। अब बाइक से लेकर कार, बस और सभी श्रेणी व्यावसायिक वाहनों की खरीद पर अधिक रजिस्ट्रेशन शुल्क देना होगा।

अधिसूचना जारी परिवहन विभाग ने नई और पुरानी गाड़ियों पर रजिस्ट्रेशन टैक्स बढ़ाया

ऑटो पर टैक्स

• **10 हजार :** 4 सीट वाले तिपहिया (चालक छोड़) पर 15 साल के लिए • **6700 रुपए** तिपहिया जिनका निबंधन एक वर्ष के भीतर हुआ है उन पर 10 वर्ष के लिए • **6 हजार** 10 वर्ष से अधिक पुराने तिपहिया वाहनों पर अगले 5 साल के लिए •**15 हजार** 7 सीट वाले तिपहिया (चालक छोड़) पर 15 साल के लिए।

बाइक-कार पर टैक्स की नई दर : • **सीट** (13-26) : साधारण (550) : सेमीडीलक्स (675) : डीलक्स (785) • **सीट** (27-32) : साधारण (600) : सेमीडीलक्स (750) : डीलक्स (860) • **सीट** (33 या अधिक) : साधारण (700) : सेमीडीलक्स (870) : डीलक्स (1025)

बाइक कार पर टैक्स की नई दर : • 1 लाख तक **8%** • 1 लाख से 8 लाख तक : **9%** • 8 लाख से 15 लाख तक **10%** • 15 लाख से अधिक **12%** (कीमत रुपए में)

व्यावसायिक वाहनों पर टैक्स : • 1000 किलोग्राम (8000 दस साल के लिए) • 1001-3000 किलोग्राम (8000 + प्रति टन 6500 दस साल के लिए) • 3000-10000 किलोग्राम (8000+6500+प्रति टन 750 रुपये) • 10000-24000 किलोग्राम (8000+6500+प्रति टन 700 रुपये) • 24000 किलोग्राम से अधिक (8000+6500+प्रति टन 600 रुपये)

(बिहार गजट : संख्या 2 / कर (संशोधन) - 03/ 2016/ परिपत्र - 5786 दिनांक 7 सितम्बर 2018 चैम्बर में उपलब्ध है) **(विस्तृत : आई नेक्स्ट, 11.9.2018)**

अब पीली व सफेद लाइन के अंदर पार्किंग पर भी जुर्माना

शहर में महत्वपूर्ण सड़कों पर पीली-सफेद लाइन बनी हुई हैं जिनके अंदर अब तक लोग अपनी गाड़ियाँ पार्क कर देते थे। लेकिन अब ट्रैफिक एसपी के नए आदेश के बाद यहाँ पर गड़ियाँ पार्क करना वर्जित होगा। यहाँ पर अगर गाड़ी लगाई तो ट्रैफिक पुलिस जुर्माना कर देगी। ट्रैफिक एसपी प्रकाश नाथ मिश्र ने इसको लेकर जो नया आदेश जारी किया है उसके मुताबिक पूर्व में अगर पीली-सफेद लाइन के पार्किंग एरिया का अगर किसी ने ठेका भी लिया है तो वह निरस्त माना जाएगा। अब शहर की सड़कों का पूरा काला हिस्सा सिर्फ यातायात के परिचालन के लिए होगा। काली सड़क पर न तो गाड़ियाँ पार्क की जाएँगी और न ही किसी तरह की कोई व्यवसायिक गतिविधियां होंगी। अगर सड़क पर कोई ठेला, रिक्शा या कोई दुकान लगाता है तो उसपर कार्रवाई होगी।

(साभार : दैनिक भास्कर, 11.9.2018)

भारी वाहनों के परमिट को अब ऑनलाइन आवेदन

राज्य में अब ट्रक व बस जैसे भारी वाहनों के लिए ऑनलाइन परमिट मिलेगा। परिवाहन विभाग ने इसका खाका तैयार कर लिया है। अक्टूबर से परमिट के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू होगा।

भारी वाहन मालिक घर बैठे परमिट के लिए आनलाइन अप्लाई करेंगे और परमिट भी ऑनलाइन ही मिल जाएगा। अगर आवेदन में कोई त्रुटि हुई तो उसका निष्पादन भी ऑनलाइन ही किया जाएगा। साथ ही राज्य परिवहन प्राधिकार व क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार की बैठक नियमित रूप से होगी, ताकि ऑनलाइन परमिट मामले का निष्पादन हो सके। जैसे ही करीब 100 आवेदन जमा होंगे राज्य परिवहन प्राधिकार की बैठक होगी और उसमें परमिट मामले का निष्पादन कर दिया जाएगा। अभी भारी वाहनों के लिए मैनुअल आवेदन द्वारा परमिट मिलता है। मैनुअल आवेदन के निष्पादन में अभी महीनों लग जाते हैं। परमिट नहीं मिलने के कारण बसों का परिचालन बाधित रहता है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम व निजी वाहन मालिकों की दर्जनों बसों की परमिट अभी भी लंबित है। परमिट नहीं मिलने से परिचालन शुरू नहीं हो सका है। खासकर मर्सिडीज व वॉल्वो बसों का परिचालन बाधित है। कई शहरों में वॉल्वो बस सेवा शुरू नहीं हो सकी है।

(साभार : हिन्दुस्तान, 15.9.2018)

दिनांक 1.10.2018 से 69 अनुसूचित नियोजनों में लागू पुनरीक्षित न्यूनतम मजदूरी की दरें

क्र0 सं0	कामगारों की कोटि	दिनांक-01.12.2016+01.04.2017+01.10.2017+01.04.2018 से निर्धारित न्यूनतम मजदूरी की दरें (रुपये में)	परिवर्त्तनशील महँगाई भत्ता की राशि जो कि दिनांक-01.10.2018 से प्रभावी होगी	01.10.2018 से लागू कुल मजदूरी की दरें। (स्तंभ 3+4)
1	2	3	4	5
1.	अकुशल	237.00+5.00+5.00+7.00=254.00	3.00	257.00 प्रतिदिन
2.	अर्द्धकुशल	247.00+5.00+5.00+8.00=265.00	3.00	268.00 प्रतिदिन
3.	कुशल	301.00+6.00+6.00+9.00=322.00	3.00	325.00 प्रतिदिन
4.	अतिकुशल	367.00+7.00+7.00+11.00=392.00	4.00	396.00 प्रतिदिन
5.	पर्यवेक्षीय/लिपिकीय	6799.00+136.00+139.00+212.00=7286.00	73.00	7359.00 प्रतिमाह

(साभार : बिहार सरकार, श्रम संसाधन विभाग की अधिसूचना दिनांक 26.9.2018)

EDITORIAL BOARD

Editor
AMIT MUKHERJI
Secretary General

Convenor
RAMCHANDRA PRASAD
Library & Bulletin Sub-Committee

Printer & Publisher
A. K. DUBEY
Dy. Secretary

Khemchand Chaudhary Marg, Patna - 800 001 • Ph. : 2677605, 2677635 • Fax No. : 0612-2677505
E-mail : bccpatna@gmail.com • Website : www.biharchamber.org

Designed & Printed by : Sharada Enterprises, Ph. : 0612-2667296